कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, महोबा वन प्रभाग, महोबा।

पत्रांकः– 3820 /33-1 ,दिनांक, महोबा, मई 20 ,2022

सेवा में,

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड (सिविल)
उत्तर प्रदेश, जल निगम (ग्रामीण) महोबा।

विषयः– पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय राज्य मार्ग, राजकीय मार्ग में संरक्षित वन भूमि पर पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में।

संदर्भः– 1. प्रस्ताव संख्या–FP/UP/WATER/152706/2022.
2. इस कार्यालय का पत्रांक–3792/33–1, दिनांक 17.05.2022.

आपके उपरोक्त विषयक संदर्भित प्रस्ताव का परीक्षण करने पर निम्नलिखित कमियाँ पायी गयीः–

1. प्रस्तावित वन भूमि की के0एम0एल0 फाइल सी0डी0 में उपलब्ध नहीं करायी गयी।
2. प्रस्तावित वन भूमि का 1:50000 माफ का सत्यापित सर्वे ऑफ इण्डिया का रंगीन टोपोशीट जिसमें परियोजना के आस–पास वन क्षेत्र का सीमांकन, वन ब्लाक, कम्पार्टमेन्टवार दर्शित किया गया हो, सी0डी0 में नही उपलब्ध करायी गयी।
3. प्रस्तावित वन भूमि के Reference Digital Map सी0डी0 में नहीं उपलब्ध कराया गया।
4. वन अधिकार अधिनियम–2006 के प्राविधानों के अन्तर्गत जिलाधिकारी का प्रमाण पत्र/वचनबद्धता प्रस्ताव में संलग्न नहीं है।
5. क्षतिपूरक वनीकरण हेतु दी जाने वाली वन भूमि के के0एम0एल0 फाइल सी0डी0 में उपलब्ध नहीं करायी गयी है।
6. क्षतिपूरक वनीकरण हेतु दी जाने वाली वन भूमि का सत्यापित व चिन्हित 1:50000 माप का रंगीन सर्वे ऑफ इण्डिया टोपोशीट एवं सी0डी0 प्रस्ताव के साथ संलग्न नहीं है।
7. क्षतिपूरक वनीकरण हेतु दी जाने वाली वन भूमि का सत्यापित Geo Reference Digital Map एवं सी0डी0 नहीं उपलब्ध कराया गया।
8. भूमि स्वामित्व वाले विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया गया है।
9. संयुक्त वृक्ष गणना रिपोर्ट निम्नलिखित प्रारूप में उपलब्ध करायें:–

क्र0सं0	वैज्ञानिक नाम	स्थानीय नाम	गोलाई (सेमी0 में)					
			(0–30)	(31–60)	(61–90)	(91–120)	(121–150)	(150 से ऊपर)
1	2	3	4	5	6	7	8	9

10. प्रस्ताव अभिलेख क्रम से नहीं संलग्न किये गये है तथा विषय सूची एवं पृष्ठ संख्या नहीं अंकित की गयी है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि अपने प्रतिनिधि को निर्देशित करने का कष्ट करें कि प्रस्ताव की हार्ड कापी तत्काल इस कार्यालय से प्राप्त कर लें एवं उपरोक्त आपत्तियों का निराकरण करते हुए समस्त अभिलेखों सहित संशोधित प्रस्ताव तत्काल ऑन लाइन तथा हार्ड कापी 6 प्रतियों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

संलग्नकः– प्रस्ताव की 6 प्रतियाँ।

प्रभागीय वनाधिकारी,
महोबा वन प्रभाग, महोबा।

पृष्ठांकन संख्या————/अ/सम् दिनांक।

प्रतिलिपि– मुख्य वन संरक्षक, बुन्देलखण्ड जोन, उ0प्र0, झाँसी को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि– वन संरक्षक, चित्रकूटधाम वृत्त, उ0प्र0, बाँदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
महोबा वन प्रभाग, महोबा।

पृष्ठांकन संख्या————/ब/सम् दिनांक।

प्रतिलिपि– अपर जिलाधिकारी, महोबा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि– उप प्रभागीय वनाधिकारी, महोबा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि– क्षेत्रीय वन अधिकारी, महोबा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
महोबा वन प्रभाग, महोबा।